# 13 जिलों के सांसदों का घेराव करेंगे किसान

## इस्टर्न केनाल योजना को राष्ट्रीय दर्जा देने की मांग फिर से उठाई

**हिण्डौन सिटी,** (कासं )। पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना किसान संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष रामनिवास मीना ने कहा है कि ईआरसीपी को सरकार ने शीघ्र ही राष्ट्रीय परियोजना घोषित नहीं किया तो 13 जिलों के सांसदों का किसान घेराव करेंगे। उनके इस आव्हान को महापंचायत में मौजूद हजारों किसानों ने हाथ उठाकर समर्थन किया।

महापंचायत में प्रदेशाध्यक्ष रामनिवास मीना ने कहा कि संघर्ष समिति की ओर से चंबल की महाआरती कर शुरू किए गए इस अभियान में गांव और ढ ाणियों में जाकर किसानों को ईआरसीपी के प्रति जागरूक किया जा रहा है। क्षेत्र के किसान जागरूक होकर सरकार से ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने की पुरजोर ढंग से मांग करने लगे हैं।

प्रदेशाध्यक्ष मीना ने कहा कि अब इसी कडी में आंदोलन को गति देते हुए उत्तरी- पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों के सांसदों का घेराव किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 20 सितंबर को क्षेत्र के किसान सांसदों के घरों पर जाकर विन्रमपूर्वक निवेदन करेंगे कि ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित कराकर अपने दायित्व को निभाएं। मीना ने यह भी कहा कि जनसमर्थन जुटाने के लिए संघर्ष समिति की ओर से हस्ताक्षर अभियान भी शुरू किया जा रहा है । 13 जिलों के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से 2 लाख हस्ताक्षर कराकर प्रधानमंत्री को प्रस्तुत किए जाएंगे।



प्रदेशाध्यक्ष रामनिवास मीणा ने किसानों को सम्बोधित किया।

चार पूर्व वरिष्ठ अधिकारियों ने भी किसानों को संबोधित करते हुए ईआरसीपी के प्रति एकजुट होने की बात कही। पूर्व आईएएस प्रभुदयाल मीना और बीपी मीना ने ईआरसीपी के बारे में किसानों को विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ पूर्व रक्षा सचिव रमेश चंद्र मीणा व पूर्व आडिटर नंदलाल मीणा ने भी किसानों को संबोधित किया। इस दौरान संघर्ष समिति के प्रदेश संयोजक अमर सिंह नीमरोट ने कहा कि 13 जिलों के सांसद किसानों की आवाज की अनदेखी कर रहे हैं। इसका खामियाजा उन्हें भुगतना होगा।


महापंचायत को संघर्ष समिति के प्रदेश महामंत्री भरत सिंह डागुर, प्रदेश मीडिया प्रभारी दीनदयाल सारस्वत, सामाजिक नेता राजेश गुर्जर, हिंडौन के किसान नेता हुकम सिंह कश्यप सहित पिनान के नारायण सिंह, पूर्व सरपंच महावीर सिंह, भारतीय किसान यूनियन के नेता नाहर सिंह मीणा, पुखराज गुर्जर, रामदयाल झालाटाडा, पूर्व मैनेजर शीशराम मीणा, मोहन सिंह कठूमर, कजोड़ी टोडा आदि नेताओं ने भी किसानों को संबोधित किया।

महापंचायत के दौरान रैणी और राजगढ़ पंचायत समिति क्षेत्र के सरपंचों ने पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना किसान संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष रामनिवास मीना का 121 मीटर लंबा साफा पहनाकर सम्मान किया।

- 13 जिलों के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से दो लाख हस्ताक्षर कराकर पीएम को भेजे जाएंगे
- 20 सितंबर को क्षेत्र के किसान सांसदों के घरों पर जाकर करेंगे अपील

# सोम कमला बांध के दो गेट खोले

## लगातार बारिश से जिले के बांधों में पानी आने का क्रम जारी है


विभागीय अधिकारियों ने शुक्रवार प्रातः सोम कमला बांध के दो गेट खोल दिये।

**डूंगरपुर,** (निसं)। जिले भर में पिछले दिनो से चल रहे वर्षा के दौर ने जहां जलाशय व बांधों में पानी की आवक को तेज कर दिया है, इधर शुक्रवार को भी अलसुबह से देर शाम धूप-छाव के बीच रिमझिम वर्षा का दौर चलता रहा। जिले का सबसे बड़ा बांध सोम कमला आम्बा अपनी भराव क्षमता को पूरा कर लेने के कारण विभागीय अधिकारियों ने शुक्रवार प्रातः डेम के दो गेट 10 सेन्टीमीटर से अधिक खोल दिये। जिससे निकलने वाली अथाह जलराशि को देखने को क्षेत्र के वाशिंदे उमडे। वही जिले की सीमा से लगने वाले खेरवाडा क्षेत्र के गोदावरी डेम भी अपनी भराव क्षमता को पूरा कर शुक्रवार प्रातः छलक गया।

गोदावरी डेम वैसे भी संभाग भर के लोगो का एक पिकनिक स्थल है। जिले में पिछले दिनो से हो रही बारिश के कारण जहां शहर के दोनो प्रमुख पेयजल स्त्रोतो में पानी की अच्छी आवक होने के कारण विभागीय अधिकारी राहत महसूस कर रहे है।

## 96 किलो प्लास्टिक कैरीबैग जब्त किया

**अलवर,** (निसं)। सिंगल यूज प्लास्टिक बैन अभियान के तहत नगर परिषद अलवर की ओर से शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए 96 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक कैरीबैग जप्त करने की कार्यवाही की गई। इसके अलावा नगर परिषद की टीम ने विभिन्न स्थानों पर प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग आदि बेचने पर 4000 रुपये का जुर्माना भी वसूला। नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल जाट ने बताया कि शुक्रवार को शहर के अग्रसेन सर्किल सब्जी मंडी, आटा वाली गली, भटियारो की गली, शिवाजी पार्क सब्जी मंडी, अशोका टॉकीज इलाके में दुकानदारों से 4000 रुपए का जुर्माना वसूला गया।

- चार हजार रुपये का जुर्माना वसूला

## उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री श्याम सुंदर शर्मा ने अशोक को श्रदांजलि दी

**धौलपुर,** (निस)। पूर्व मंत्री तथा ब्राह्मण समाज के प्रदेश स्तरीय कद्दावर नेता बनवारी लाल शर्मा के पुत्र अशोक शर्मा के निधन पर उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री श्याम सुंदर शर्मा सहित अन्य नेताओं ने उनके निवास पर पहुँचकर श्रद्धांजलि दी और परिजनों को धैर्य बंधाया। जानकारी के अनुसार प्रदेश की राजनीति के दिग्गज नेता पूर्व मंत्री बनवारी लाल शर्मा के पुत्र अशोक शर्मा का गत दिनों निधन हो गया था।

आज उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री श्याम सुंदर शर्मा ने धौलपुर में उनके निवास जगन भवन पर पहुंच कर परिवार जन को सांत्वना दी एवं ईश्वर से इस दुखद समय में परिवार जन को धैर्य एवं सहन शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। इनके अलावा अशोक शर्मा को विप्र कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष महेश शर्मा ने भी उनके निवास पर पहुंच कर श्रद्धांजलि दी। अशोक शर्मा के चचेरे भाई सुमित शर्मा ने बताया कि अशोक शर्मा करीब 64 वर्ष के थे और वह पूरी तरह से स्वस्थ थे। गत दिनों उनका निधन हो गया। वे अपने पीछे पत्नी नीरजा शर्मा, एक बेटा दुष्यंत शर्मा और बेटी मालविका छोड़ गए हैं।

- परिजनों को ढांढस बंधाया

## हथियार सहित तीन गिरफ्तार

**करौली,** (नि.स.) ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत एक अवैध देशी कट्टा मय तीन कारतूस, परिवहन में प्रयुक्त स्कार्पियों सहित तीन शातिर बदमाश पुलिस ने गिरफ्तार किए हैं। ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत थानाधिकारी सदर करौली ओमेन्द्र सिंह ने मय टीम कार्यवाही करते हुए बिना नम्बरी स्कार्पियों गाडी में बैठ कर हथियार लहराते हुए एक अवैध देशी कट्टा मय तीन कारतूस सहित किसी संगीन वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूमते हुए आरोपी ब्रहमसिहं उर्फ लुक्का पुत्र भरतसिहं गुर्जर निवासी मोतीपुरा थाना सदर गंगापुर, दिलीप सिहं उर्फ कुन्जी पुत्र राजहंस गुर्जर निवासी ब्रहमबाद थाना सदर गंगापुर एवं विक्रमसिहं पुत्र रामखिलाडी गुर्जर निवासी हिंगोटिया थाना सदर गंगापुर को गिरफ्तार किया गया।

# टोडारायसिंह में 1100 बाइकों के साथ तिरंगा रैली निकली

## 201 फीट का तिरंगा रहा मुख्य आकर्षण का केन्द्र


टोडारायसिंह मे 1100 से अधिक दुपहिया वाहनों के साथ तिरंगा रैली निकाली गई।

**मालपुरा,** (निसं)। आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर शुक्रवार को भाजपा सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया व विधायक कन्हैयालाल चौधरी की अगुवाही में टोडारायसिंह में विशाल तिरंगा मोटरसाईकिल रैली निकाली गई।

तिरंगा रैली में 1100 से अधिक दुपहिया वाहनों पर सवार युवा हाथों में तिरंगा लिये देशभक्ति गीतों पर जमकर थिरके। बस स्टैण्ड से रवाना हुई तिरंगा वाहन रैली को सांसद व विधायक ने तिरंगा दिखा रवाना किया जो मुख्य मार्गो से होते हुए शहीद स्मारक पहुंच जनसभा में तब्दील हो गई। देशभक्ति के रंग में रंगे टोडारायसिंह शहर से गुजरे तिरंगा वाहनों पर शहरवासियों ने पुष्पवर्षा कर वंदे मातरम व भारत माता के जयघोष लगाये। विधायक चौधरी ने पार्टी कार्यकर्ताओं व युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश की आजादी में शहीद हुए शहीदों की शहादत को नमन कर उनके बलिदान व देश के इतिहास एवं स्वाभिमान से देशवासियों व युवा पीढ़ी को अवगत करवाने के लिए यह घर-घर तिरंगा अभियान चलाया गया है । विधायक ने बताया कि देश की सीमाओं के बंटवारे में हुई चूक व खामियों के विरोध में 14 अगस्त को देशभर में मौन प्रदर्शन किया जायेगा।

लाम्बाहरिसिंह में निकाली गई तिरंगा रैली में 201 फीट का तिरंगा मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहा तो तिरंगे पर शहरवासियों ने पुष्पवर्षा भी की। आज मालपुरा में सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों के विधार्थियों द्वारा तिरंगा रैली निकाल कर सामुहिक राष्ट्रगान का आयोजन होगा।

## 228 छात्रों पर महज दो शिक्षक, कैसे हो पढ़ाई

**नोखा,** (कासं)। अध्यापक लगाने की मांग को लेकर नोखा तहसील में मुंदड की सीनियर स्कूल के छात्रों और ग्रामीणों ने स्कूल के मुख्य गेट पर ताला लगाकर धरना दिया। सीनियर सैकण्डरी स्कूल मुंदड़ में कुल 228 विद्यार्थी हैं, जिन पर महज दो अध्यापक नियुक्त हैं। ऐसे में बच्चों की पढ़ ाई बाधित होती है। मामले में ग्रामीणों ने सात दिन पहले रिक्त पदों को भरने की मांग को लेकर उच्चाधिकारियों को ज्ञापन दिया था। जिस पर कोई सुनवाई नहीं होने पर शुक्रवार को ग्रामीणों ने स्कूल पर ताला जड़ मुख्य द्वार के बाहर धरने पर बैठ गए।

ग्रामीणों ने बताया कि जब तक मांगें नहीं मानी जायेगी तब तक धरना जारी रहेगा। ग्रामीणों ने बताया कि यहां रिक्त पदों के चलते सीनियर स्कूल में थर्ड ग्रेड अध्यापक को प्रधानाचार्य का चार्ज दे रखा है और साथ में बीएलओ का चार्ज भी, फिर पढ ाई कैसे करवायेंगे।

- अध्यापक लगाने की मांग को लेकर नोखा के मुंदड सीनियर स्कूल गेट पर ताला लगाकर छात्रों और ग्रामीणों ने धरना दिया
- थर्ड ग्रेड अध्यापक को प्रधानाचार्य का चार्ज दे रखा है

# छात्रसंघ चुनाव-2022 पोस्टपोण्ड करें या खत्मः छात्रनेता

## मांगें पूरी नहीं होने पर 15 अगस्त को कुलपति निवास का घेराव कर धरना देने की चेतावनी दी

**अजमेर,** (कासं)। महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय में शुक्रवार को छात्र नेताओं की ओर से विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के बाद छात्र नेताओं ने यूनिवर्सिटी प्रशासन को 5 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन कुलपति के नाम सौंपा। छात्र नेताओं ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगें जल्द नहीं पूरी हुई तो आगामी 15 अगस्त को कुलपति के निवास का घेराव कर धरना दिया जाएगा।

पूर्व छात्रसंघ लोकेश गोदारा व अध्यक्ष मोहित जैन प्रदर्शन के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए राज्य सरकार पर हमला करते हुए कहा कि राज्य सरकार गूंगी बहरी हो चुकी है। महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय अजमेर के साथ हमेशा सौतेला व्यवहार राज्य सरकार करती आ रही है। चाहे शिक्षक भर्ती हो या स्टाफ भर्ती, इस सरकार के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है और इस बार छात्रसंघ चुनाव कराने की जल्दी बाजी में अजमेर विश्वविद्यालय के साथ कुठाराघात किया जा रहा है। जिसके लिए विश्वविद्यालय भी दोषी है।


छात्र नेताओं ने पुलिस की मौजूदगी में अर्धनग्न प्रदर्शन किया।

पूर्व अध्यक्ष भगवान सिंह चौहान ने कहा कि शुक्रवार को छात्र नेताओं की ओर से यूनिवर्सिटी में प्रदर्शन किया गया और प्रदर्शन के बाद कैंपस में पीजी सहित विभिन्न कक्षाओं में एडमिशन फॉर्म भरने वाले विद्यार्थियों को तुरंत प्रोविजनल एडमिशन देने व राज्य सरकार को भेजे गए पत्र की एक कॉपी छात्र नेताओं को उपलब्ध करवाने, छात्रसंघ चुनावों को आगे बढ़ ाने की मांग सहित विभिन्न पांच सूत्री मांगों को लेकर यूनिवर्सिटी प्रशासन को कुलपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। भगवान ने कहा कि छात्र नेताओं की मांगों को जल्द पूरा नहीं किया गया तो 15 अगस्त को कुलपति के निवास पर घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इस मौके पर पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष लोकेश गोदारा, भगवान सिंह चौहान सहित अन्य छात्र नेता मौजूद रहे। एमडीएस यूनिवर्सिटी परिसर में छात्र नेताओं ने धरना देकर विरोध प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन के दौरान जब यूनिवर्सिटी प्रशासन के प्रतिनिधि बाहर नहीं निकले तो छात्र नेताओं ने अर्धनग्न होकर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। कुछ देर बाद यूनिवर्सिटी प्रशासन बाहर आया और नेताओं की मांगों को सुनकर प्रदर्शन को शांत करवाया।

# भारत-ओमान के जवानों ने आतंकी मार गिराए!

## महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में दोनों देश 15 दिन से कर रहे हैं युद्धाभ्यास

**बीकानेर,** (कासं)। जिले के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में शुक्रवार को तोपें गरज रही थीं। साथ ही फायरिंग की आवाज आ रही थी। दरअसल, पिछले पंद्रह दिनों में भारत और ओमान की सेनाओं ने एक दूसरे से जो भी सीखा, उसका प्रदर्शन किया गया। दोनों देशों ने एक दूसरे के हथियारों की तकनीक सीखी और फिर उन पर हाथ भी अजमाया।

भारत और ओमान के बीच ये चौथा युद्धाभ्यास था, जिसमें दो ओमान में हो चुके हैं। जबकि भारत में भी एक पहले हो चुका है। पंद्रह दिन के युद्धाभ्यास के दौरान भारतीय जवानों ने अपने अत्याधुनिक हथियारों की ओमान के जवानों को जानकारी दी। भारतीय जवानों के हाथ में इन दिनों 7.62एम एमसिग सॉयर असॉल्ट राइफल, 5.56एमएम इंसास एलएमजी, 84एम एम आरएल, 7.62 एमएमजी, नजर आ रही है, जिसने पुरानी गन की जगह ली है। इस गन की क्षमता करीब सौ मीटर तक टारगेट को खत्म करने की है। वहीं ओमान की रॉयल आर्मी के जवानों ने भी निशाने साधे। ये गन भारतीय गन का मुकाबला तो नहीं करती, लेकिन इसकी मारक क्षमता भी सौ मीटर के आस-पास ही है। अभ्यास के दौरान भारत के युद्ध हेलिकॉप्टर, टैंक और राडार तकनीक के बारे में भी जानकारी दी गई। भारतीय जवानों ने बताया कि किस तरह से क्षमता से ज्यादा दूरी तक वार करके दुश्मनों को उड़ाया जा सकता है।

युद्धाभ्यास के दौरान बताया गया कि किस तरह ग्रामीणों को आतंकियों से मुक्त कराया जाता है। करीब पंद्रह मिनट के एक ऑपरेशन के दौरान भारतीय हेलिकॉप्टर उड़ता हुआ टारगेट के पास पहुंचा, इस हेलिकॉप्टर से जवान नीचे उतरे। साथ ही टैंकों से उस टारगेट को घेर लिया गया। जवानों ने मौके पर पहुंचकर दो जगह छिपे आतंकियों को ढेर कर दिया। सैन्य अधिकारी ब्रिगेडियर जितेश ने बताया कि इस तरह का अभ्यास करके हम न सिर्फ अपनी तकनीक से ओमान को अवगत करा रहे हैं, बल्कि उनकी तकनीक भी सीख रहे हैं। आतंकी ठिकानों को नष्ट करने के लिए जिस दिन दोनों देशों को मिलकर काम करना होगा, तब ये अभ्यास काफी काम आएगा।


भारत-ओमान के सैनिकों ने युद्ध तकनीक व हथियार चलाने का कौशल साझा किया।

# डॉक्टर ने दी बुखार की हाईडोज दवाइयां, किडनी खराब

**अनूपगढ़,** (निसं)। श्रीगंगानगर के घड़साना सीएचसी के डॉक्टर की हाइडोज मैडिसिन से मरीज की किडनी खराब होने का मामला सामने आया है। घड़साना के चक 3 एसटीआर के वार्ड नंबर 6 निवासी हरविंदर पुत्र तरसेम सिंह ने सरकारी हॉस्पिटल के डॉक्टर चिरंजीलाल दायमा और बालाजी मेडिकल स्टोर के मालिक मांगीलाल पर इस्तगासे के जरिए मामला दर्ज करवाया है। जिसमें बताया कि डॉक्टर के लिखे हाईडोज इंजेक्शन से उसकी किडनी खराब हो गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मामले के अनुसार 3 मई 2021 को हरविंदर सिंह को हल्का बुखार आने पर चैकअप करवाने के लिए राजकीय अस्पताल गया। जहां डॉक्टर चिरंजीलाल दायमा ने मरीज की जांच करवाकर इलाज शुरू कर दिया। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि डॉक्टर दायमा बार-बार उसका डायग्नोसिस करवा रहे थे। उनके कहने पर ही रायसिंहनगर से सीटी स्कैन भी करवाया गया। जिसमें ऑक्सीजन लेवल 11 आया था। डायग्नोसिस करवाने के बाद डॉक्टर दायमा ने पीड़ित को लंबा इलाज चलने की बात कही। उसके गंभीर बीमारी नहीं होते हुए भी हाईडोज इंजेक्शन लगाए गए हैं। जब इलाज के दौरान उसे कोई आराम नहीं मिला तो डॉक्टर दायमा ने कहा कि- उसको सुबह-शाम टीके लगवाने पड़ेंगे। यह इंजेक्शन बालाजी मेडिकल स्टोर पर लगवाने के लिए कहा।

पीड़ित ने मामले में लिखवाया कि वह सुबह शाम बालाजी मेडिकल स्टोर पर इंजेक्शन लगवाता रहा। बालाजी मेडिकल स्टोर के संचालक के द्वारा एक इंजेक्शन में 4-5 टीके मिक्स कर उसे लगाते रहे। जिससे उसकी किडनी भी खराब हो गई है। डॉक्टर दायमा अपने घर पर ही मरीजों को देखते हैं और चेकअप करने के बाद बालाजी मेडिकल स्टोर पर भेज देते हैं। जहां मेडिकल स्टोर के संचालक के द्वारा मरीजों को इंजेक्शन लगाए जाते हैं। पीड़ित के पिता तरसेम सिंह ने डॉ दायमा से अपने बेटे की बीमारी को लेकर फोन पर बात की। इस पर डॉ दायमा ने तरसेम सिंह से कहा कि बेटे को दिल्ली ले जाओ। तरसेम सिंह ने कहा कि दिल्ली इलाज करवाने के लिए पैसा कहां से लाएं। तो डॉ दायमा ने कहा कि सड़क पर पैसा मांगने लग जाओ।

डॉ. दायमा ने बताया कि यह मरीज कोरोना काल में आया था और उस समय गाइड लाइन के अनुसार इसका इलाज किया गया था। मरीज के पिता के द्वारा बार-बार उन्हें परेशान किया जा रहा था। इसके पिता के द्वारा पोर्टल पर भी शिकायत की गई थी जिसका उनके द्वारा जवाब दे दिया गया था। डॉ दायमा ने कहा कि जो ऑडियो वायरल हो रही है उसमें एडिटिंग की हुई है।

- मरीज के पिता ने डॉक्टर के खिलाफ दर्ज करवाया मामला
- डॉक्टर दायमा ने पीड़ित को सुबह - शाम बालाजी मैडिकल स्टोर पर टीके लगवाये